फर्द अहकाम

न्यायालय सहायक कलक्टर (SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी :— कालुराम कुम्हार **विपक्षी :— राज्य**

किस्म मुकदमा — 136 भू रा.अधि. **पत्रावली संख्या : 33/25**

जीसीएमएस : 2025/111

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक : 14.05.2025

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी एवं राजपेरोकार उपस्थित। प्रार्थी एवं राजपेरोकार की बहस सुनी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थी द्वारा राजस्व रेकार्ड में स्वयं का नाम धर्मराज पुत्र भमरू गलत अंकित होना बताया जिसे दुरूस्त किया जाने का निवेदन किया। तहसीलदार मावली द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि धर्मराज पिता भमरू व कालुराम पिता भंवरलाल (भमरू) कुम्हार एक ही व्यक्ति है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में मतदाता पहचान पत्र की प्रति, आधार कार्ड की फोटोप्रति, स्वयं प्रार्थी का 50/— रूपये स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत कर नाम संशोधन किया जाने का निवेदन किया। सहखातेदार/भमरू के वारिसान का भी शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। उनके द्वारा भी शपथ पत्र में निवेदन किया कि हमारे भाई का नाम कालूराम है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम कालूराम पिता भंवरलाल अंकित होना जाहिर होता है। न्यायालय का विनम्र अभिमत है कि तहसीलदार द्वारा भी स्वीकार किया गया है कि कालूराम पिता भंवरलाल एवं धर्मराज पिता भमरू एक ही व्यक्ति है। भमरू के अन्य वारिसान (जो सहखातेदार है) द्वारा भी स्वीकार किया गया है कि कालूराम पिता भंवरलाल है। अतः राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी का नाम गलत अंकित होने से उसे सही किया जाना न्यायहित में आवश्यक हैं। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं।

—: आदेश :—

परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाता है कि मौजा ढुन्ढीया कला पटवार हल्का ढुन्ढीया तहसील मावली की नकल जमाबन्दी सम्वत् 2077—80 के खाता संख्या 677 पर दर्ज आराजीयात भूमि में सह खातेदार धर्मराज पिता भमरू के बजाय कालुराम उर्फ धर्मराज पिता भंवरलाल उर्फ भमरू संशोधन किया जाने का आदेश दिया जाता हैं। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

निर्णय खुले ईजलास लिखा जाकर सुनाया गया।

(रमेश सीरवी पुनाडिया R.A.S.)
सहायक कलक्टर
(SDO) मावली

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2025.07.14 11:41:10 IST
Reason: SelfAttested